।। विद्या योगेन रक्ष्यते ।।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड ( BSB )

**(A National School Education Board)**

**बीएसबी/सीई/पंजीकरण_सत्यापन/विस्तार/2026-27** **दिनांक: 21.09.2026**

## परिपत्र

प्रधानाचार्य,
भारतीय शिक्षा बोर्ड (BSB) से संबद्ध सभी विद्यालय,
हरिद्वार, उत्तराखंड

**विषय: सत्र 2026-27 के लिए कक्षा IX एवं XI के ऑनलाइन पंजीकरण तथा कक्षा X एवं XII की LOC के ऑनलाइन सत्यापन/प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में।**

आदरणीय महोदया/महोदय,

सभी संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा IX एवं XI में अध्ययनरत विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण तथा कक्षा X एवं XII की LOC (List of Candidates) के ऑनलाइन सत्यापन एवं प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।

**सभी विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे संशोधित समय-सारणी के अंतर्गत पंजीकरण/सत्यापन एवं प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। अन्यथा विद्या्लयों को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त प्रति विद्यार्थी ₹200/- विलंब शुल्क का भुगतान करना होगा।** विद्यालय प्राधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी विद्यार्थियों का विवरण सावधानीपूर्वक जांचने के उपरांत सही रूप से प्रस्तुत किया गया है।

विद्यालयों को यह भी सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें तथा किसी भी तकनीकी अथवा अन्य कठिनाई से बचने के लिए प्रक्रिया को समय से पूर्व पूर्ण कर लें।

**ऑनलाइन पंजीकरण एवं LOC के प्रस्तुतीकरण की संशोधित अंतिम तिथि 30.09.2026 है।**

संशोधित अंतिम तिथि के पश्चात आगे किसी भी प्रकार का विस्तार दिए जाने का अनुरोध स्वीकार किया जाना संभव नहीं होगा।

इसे अति आवश्यक माना जाए।

भवदीय
राजबीर सिंह 21/9/2026
**(राजबीर सिंह)**
परीक्षा नियंत्रक

पतंजलि यूनिवर्सिटी कैम्पस, पतंजलि योगपीठ, फेस-1, हरिद्वार-दिल्ली नैशनल हाईवे,
बहादराबाद, हरिद्वार, उत्तराखण्ड-249405
वेबसाइट : www.bsb.org.in, ई-मेल : secretary@bsb.org.in, Phone : +91-9868122209